# आकाशवाणी शिमला
## 12.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

**मुख्य समाचार**

- **केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतत् भविष्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को बताया महत्वपूर्ण।**
- **उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों से मेहनत व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का किया आह्वान।**
- **बागवानी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार शुरू करेगी हाई वैल्यू नट मिशन।**
- **भाजपा ने प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर जताई चिंता।**
- **रेणुका बांध परियोजना से विस्थापित 17 पंचायतों के लोगों ने विकास कार्यों के लिए सरकार से बजट उपलब्ध करवाने का किया आग्रह।**

**जलवायु परिवर्तन**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सतत भविष्य सुनिश्चित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण बहुत ही महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और धरती का तापमान बढ़ने को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1880 के बाद समुद्र के बढ़ते तापमान और पिघलते हिमनदों ने वैश्विक समुद्री जल स्तरों को लगभग 20 से 23 सेंटीमीटर तक बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि धरती का औसत तापमान वर्ष 1900 की तुलना में लगभग डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक बढ गया है जो जलवायु परिवर्तन के लिए गंभीर चेतावनी का संकेत है।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया है। ऊना ज़िले के पालकवाह में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने और अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल व रचनात्मक गतिविधियों में लगाने का आह्वान किया। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरोली के खड्ड क्षेत्र में आधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर पहले चरण में 15 करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि दुर्गम क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विकास पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। शिमला ज़िले के जुब्बल क्षेत्र की सोलंग पंचायत में आज उन्होंने कहा कि राज्य के कुल बजट का करीब 18 फीसदी हिस्सा शिक्षा पर खर्च किया जा रहा है ताकि शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाया जा सके। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में करीब 3 हज़ार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है।

**राजेश धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अनुभव उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। वे आज प्रदेश के मेधावी आई.टी.आई. विद्यार्थियों के एक दल को नई दिल्ली से अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोज़र विज़िट के लिए कजाकिस्तान रवाना करने के अवसर पर बोल रहे थे। राजेश धर्माणी ने उम्मीद जताई कि ये विज़िट विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, उन्नत औद्योगिक प्रक्रियाओं और वैश्विक कार्य संस्कृति को निकट से समझने व सीखने का अवसर प्रदान करेगा।

**बागवानी**

राज्य सरकार बागवानी क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2026 से 2031 तक हाई वैल्यू नट मिशन की शुरूआत करेगी। इस मिशन के तहत अखरोट, बादाम, खुमानी और चिलगोज़ा जैसी नट फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। मिशन के तहत करीब एक हज़ार हैक्टेयर क्षेत्र को बागों के कायाकल्प और उच्च घनत्व पौधरोपण के तहत शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बताया कि ये पहल इन फसलों की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी और ग्रामीण युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी सृजित करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बागवानी को एक सुदृढ़, तकनीक आधारित और बाज़ारोन्मुखी क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**वॉलीबॉल**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अर्की उपमण्डल के दाड़लाघाट में राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्रीड़ा भारती अर्की टोली के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री वीरेन्द्र कंवर विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ऐसी खेल गतिविधियों से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सहसेवा प्रमुख राजेन्द्र वर्मा भी इस दौरान मौजूद रहे।

**बिंदल**

भाजपा ने प्रदेश में अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने नाहन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में सुनियोजित तरीके से आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो भाजपा राज्य में जन आंदोलन शुरू करेगी।

**एससी मोर्चा**

दूसरी ओर, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने आगामी विधानसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाने का दावा किया है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान ने नाहन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा ने पार्टी में करीब 32 हज़ार नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा है। उन्होंने कहा कि संगठन की मज़बूती के लिए मोर्चा गंभीरता से कार्य कर रहा है।

**बांध विस्थापित**

सिरमौर ज़िले में रेणुका बांध परियोजना से विस्थापित 17 पंचायतों के लोगों ने सरकार से प्रभावित पंचायतों को विकास कार्यों के लिए बजट उपलब्ध करवाने की मांग की है। रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति के प्रेस सचिव योगेश ठाकुर ने कहा कि बजट के अभाव में प्रभावित पंचायतों में स्कूलों और सड़कों की मुरम्मत तक नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विस्थापित परिवारों ने अन्य लंबित मांगों के जल्द समाधान का भी आग्रह किया है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। ऊना ज़िले में आज सुबह हुई भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। तेज हवाएं चलने और व्यापक वर्षा से कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए और जगह–जगह यातायात भी अवरूद्ध रहा। इस दौरान ऊना शहर समेत ज़िले के निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति भी सामने आई। राज्य के अन्य ज़िलों में भी मॉनसून की वर्षा से इन दिनों नदी–नाले उफान पर हैं और जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है।

**चम्बा–मौसम**

चम्बा ज़िले में भी मॉनसून की वर्षा से जनजीवन प्रभावित हुआ है। ज़िले में कई संपर्क मार्ग भूस्खलन के चलते अवरूद्ध हैं, जिन्हें बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग की मशीनरी जुटी हुई है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन हर गतिविधि पर नज़र रखे हुए है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- **केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतत् भविष्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को बताया महत्वपूर्ण।**
- **उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों से मेहनत व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का किया आह्वान।**
- **बागवानी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार शुरू करेगी हाई वैल्यू नट मिशन।**
- **भाजपा ने प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर जताई चिंता।**
- **रेणुका बांध परियोजना से विस्थापित 17 पंचायतों के लोगों ने विकास कार्यों के लिए सरकार से बजट उपलब्ध करवाने का किया आग्रह।**